ई. मेल :- dforudraprayag@gmail.com
फोन / फैक्स नं0 :- 01364 – 233505::
पता :- माई की मढ़ी निकट जवाड़ी बाईपास रूद्रप्रयाग

# कार्यालय उप वन संरक्षक, रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

पत्रांक :- 777/ 20-12-1(2-) दिनांक 23/9 /2021::

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
रूद्रप्रयाग।

विषय :- जनपद–रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत तिलवाड़ा भरदार स्यांरी मोटर मार्ग से स्यांरी गांव तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.77 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के संबंध में। **Proposal No. – FP/UK/ROAD/43416/2019**

महोदय,

अपर सचिव, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून ने उनकी पत्र संख्या–1143(1)/X-3-21/1(90)/2021 दिनांक 10.09.2021 के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। सैद्धान्तिक स्वीकृति में प्रदत्त अध्यारोपित शर्तों के अनुपालन में जमा की जाने वाली धनराशियों का डिमांड नोट निम्न प्रकार प्रेषित है–

(1) सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रस्तावित स्थल के आस–पास रिक्त पड़े स्थानों पर यथोचित 100 वृक्षों के वृक्षारोपण एवं 10 वर्षों तक रखारखाव हेतु देय धनराशि प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखण्ड की पत्र संख्या–1459 / 3–5–2 दिनांक 01.07.2021 में उल्लिखित वसूली वर्ष 2021–22 के लिये निर्धारित दर के अनुसार रुपये 100 वृक्ष @ 1464.00 = 146400.00 (एक लाख, छियालीस हजार, चार सौ) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

(2) शर्त संख्या–2 के अनुपालन में ऑनलाईन भरे गये प्रपत्र–भाग–2 के अनुसार प्रशनगत क्षेत्र इको क्लास–V के अन्तर्गत है तथा हरियाली का घनत्व 0.30 है। तद्‌नुसार भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली के पत्र संख्या–5–3 / 2007–एफ0–सी0 दिनांक 05.02.2009 में उल्लिखित दरों के अनुसार रुपये 0.1575 ha. @ 657000.00/ha. = 103478.00 (एक लाख, तीन हजार, चार सौ अठत्तर) मात्र की धनराशि जमा की जानी है।

अतः उपरोक्तानुसार आंकलित की गई धनराशियों का अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून कार्यालय से सत्यापित होने के पश्चात् सैद्धान्तिक स्वीकृति में उल्लिखित शर्त संख्या–4 के नियमानुसार उक्त आंकलित धनराशियों को जमा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

संख्या– 777 /दिनांकित।

प्रतिलिपि :– अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कालोनी, देहरादून को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग को सूचनार्थ प्रेषित।

उप वन संरक्षक,
रूद्रप्रयाग वन प्रभाग, रूद्रप्रयाग।

o/c